हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण

प्रीत विहार, दिल्ली रोड, हापुड़–245101. ☎0122–2308764–65
वेबसाइट: **www.hpdaonline.in**, ई–मेल: **hpda_1@rediffmail.com**

ISO 9001:2008

पत्रांक 391 / अधी० अभि० / एच0पी0डी0ए0 / 2023 दिनांक: 17.032023

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण की ओर से हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण में पंजीकृत ठेकेदारों से सहपठित नियम व शर्तों के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 स0	कार्य का नाम	अनु0 धनराशि (रू. लाख में)	निविदा मूल्य (रू.में)	धरोहर राशि (रू.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	पंजीकरण श्रेणी	ई–निविदा डाउनलोड करने की प्रारम्भिक तिथि	ई–निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	ई–निविदा खोले जाने की तिथि तथा समय
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
1	टेक्सटाइल सेंटर योजना के पार्क में कच्चा पाथवे व प्ले ग्राउंड तैयार करने का कार्य	6.45	590.00	32300.00	03 माह	(उद्यान) श्रेणी–सी	21-03-2023	06.04.2023, 1.00 PM	06.04.2023, 3.00 PM
2	टेक्सटाइल सेंटर योजना के अंतर्गत 2000 वर्ग मीटर भूमि पर वृक्षारोपण वर्ष 2022- 23 के अंतर्गत मियावाकी पद्धति से रोपित पौधों के अनुरक्षण का कार्य	7.41	590.00	37100.00	20 माह	(उद्यान) श्रेणी–सी	21-03-2023	06.04.2023, 1.00 PM	06.04.2023, 3.00 PM
3	टैक्सटाइल सेन्टर योजना में सीवर लाइनों की सफाई, मरम्मत व एक वर्ष का अनुरक्षण का कार्य।	10.95	1180.00	55000.00	12 माह	सिविल श्रेणी–सी	21-03-2023	06.04.2023, 1.00 PM	06.04.2023, 3.00 PM
4	आनंद विहार योजना में नवनिर्मित 33/11 के0वी0 विद्युत सब स्टेशन से योजना में विद्युत आपूर्ति हेतु 11 के0वी0 फीडर लाइन का निर्माण कार्य	51.27	3540.00	256500.00	06 माह	विद्युत/ श्रेणी– विशिष्ट	21-03-2023	06.04.2023, 1.00 PM	06.04.2023, 3.00 PM

नियम व शर्तें:–

1. निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केवल **RTGS/NEFT** के माध्यम से निविदा प्रपत्र मे उल्लेखित बैंक खाते में जमा करायी जायेगी।
3. क्रम संख्या–01 से 03 पर अंकित कार्यों की निविदा सिंगल बिड एवं क्रम संख्या–04 पर अंकित कार्य की निविदा 2 –बिड सिस्टम पर आमंत्रित है।
4. सशर्त निविदा मान्य नही होगी। निविदा देने से पूर्व निविदादाता स्थल का निरीक्षण अवश्य कर ले। किसी भी विवाद की स्थिति में उपाध्यक्ष हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण का निर्णय अन्तिम होगा।
5. विद्युत कार्य हेतु पंजीकरण की बाध्यता नही है। परंतु फर्म को किसी भी सरकारी/अर्धसरकारी/विकास प्राधिकरण में पंजीकृत होना चाहिए तथा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव होना आवश्यक है। विद्युत कार्यों के लिए विद्युत सुरक्षा निदेशालय, लखनऊ द्वारा निर्गत "क–श्रेणी" का लाईसेंस धारक होना अनिवार्य है। 33 के0वी0 विद्युत कार्यों हेतु "क–श्रेणी" अनुमोदित विद्युत लाईसेंस धारक की निविदा पर ही विचार किया जायेगा। न्यूनतम दरें प्राप्त होने की स्थिति में अनुबंध से पूर्व 15 दिन के अंदर फर्म को हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण में नियमानुसार (पंजीकरण पुस्तिका में विवरणानुसार) पंजीकरण कराया जाना अनिवार्य होगा।
6. निविदा प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखे जा सकते हैं। इच्छुक निविदा दाताओं से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से उक्त वेबसाईट को देखते रहें। निविदाओं के संबंध में कोई परिवर्तन/परिवर्धन विषयक सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट www.hpdaonline.in पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।
7. श्रम विभाग हापुड़ में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के अर्न्तगत पंजीकरण सुनिश्चित करना होगा एवं उक्त के साथ साथ कार्य के दोरान यदि किसी श्रमिक की कार्य स्थल पर मृत्यु होती है, या गम्भीर क्षति पहुंचती है तो उस स्थिति में सन्निर्माण कर्मकार अपने अधीन नियोजित श्रमिक को कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 के प्राविधानों के अनुसार प्रतिकर देने के लिए उत्तरदायी होगा।
8. ठेकेदार को श्रमिकों के नियमानुसार ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0सी0 के प्राविधानो एवं सुरक्षा उपायों का अनुपालन करना होगा
9. विशिष्ट श्रेणी के कार्य हेतु ठेकेदार/फर्म को प्राधिकरण में पंजीकृत होने की बाध्यता नही हैं। अपितु सफल निविददाता होने की स्थिति में उसको अनुबंध निष्पादन से पूर्व प्राधिकरण में फर्म का रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

अधीक्षण अभियंता
हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण
हापुड़

पृष्ठांकन– तदैव।
प्रतिलिपि:

01. सचिव/वित्त नियंत्रक को सूचनार्थ प्रेषित।
02. अधिशासी अभियंता (सिविल),प्रभारी विद्युत एवं प्रभारी उद्यान को इस आशय से प्रेषित की दिनांक 21.03.2023 को साय 3:00 बजे तक संबंधित निविदा को अपलोड कराना सुनिश्चित करें
03. संबंधित सहायक अभियंता को निविदा प्रपत्र सॉफ्ट कॉपी मे नियत तिथि से 2 दिन पूर्व अवर अभियंता तकनीकी को उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

17/3/23
अधीक्षण अभियंता